## समाचार

# दुधिया रोशनी ने नहाई डुमरमुड़ा जाने वाली सड़क

(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा किया गया स्ट्रीट लाईट का लोकार्पण)






कोरबा 21 अगस्त 2017 –नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 47 के अंतर्गत स्थित पुनर्वास ग्राम तालाब के समीप से डुमरमुड़ा स्कूल तक जाने वाली सड़क उस वक्त एल.ई.डी. लाईट की दुधिया रोशनी से नहा उठी जब महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने स्वीच आन कर 50 खंभों की एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट को लोकार्पित किया। महापौर श्रीमती अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने लोकार्पण पटि्टका अनावरण कर उक्त स्ट्रीट लाईट व्यवस्था को जनता की सेवा में समर्पित किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 47 अंतर्गत डुमरमुड़ा की ओर जाने वाली सड़क पर 14 लाख 82 हजार रूपये की लागत से एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट स्थापित की गई है तथा इस हेतु 50 विद्युत खंभें लगाए गए हैं। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान उक्त स्ट्रीट लाईट को उनके द्वारा जनता की सेवा में समर्पित किया गया।

स्याहीमुड़ी के विभिन्न स्थानों में लगी स्ट्रीट लाईट – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दर्री जोनांतर्गत वार्ड क्र. 45 स्याहीमुड़ी के विभिन्न चौक–चौराहों एवं मार्गो पर 02 लाख 38 हजार रूपये की लागत से स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था कराई गई है, इसके तहत स्याहीमुड़ी के विभिन्न चौक–चौराहों, सांई मंदिर के सामने, चर्च के पास, गांधी चौक एवं डांडपारा आदि में एल.ई.डी. लाईट के माध्यम से सड़क रोशनी व्यवस्था की गई है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने स्याहीमुड़ी पहुंच कर उक्त स्ट्रीट लाईट व्यवस्था को आमजनता की सेवा में समर्पित किया।

सम्पूर्ण विद्युतीकरण के लक्ष्य के निकट पहुंचा निगम–कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि मैंने महापौर पद की कमान संभालने के तुरंत पश्चात यह संकल्प लिया था कि निगम क्षेत्र की सभी

विद्युतविहीन बस्तियों एवं मार्गो में बिजली की सुविधा उपलब्ध कराकर निगम क्षेत्र का सम्पूर्ण विद्युतीकरण किया जाएगा, मुझे प्रसन्नता है कि जनता जनार्दन के आशीर्वाद से इस दिशा में व्यापक पैमाने पर कार्य किए गए हैं तथा अतिशीघ्र सम्पूर्ण विद्युतीकरण के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाएगा। उन्होने कहा कि बिजली, पानी, सड़क, नाली व साफ–सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की दिशा में व्यापक रूप से कार्य किए गए हैं, मुझे खुशी है कि आमजन को सहज रूप से मौलिक सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं, उनकी समस्याएं दूर हुई हैं, जिन स्थानों पर अभी थोड़ी बहुत समस्याएं शेष हैं वहां पर भी कार्य किया जाएगा तथा आगे आने वाले समय में इनसे संबंधित समस्याएं नहीं रहेंगी।

**अपने वायदे पर खरी उतर रही महापौर**– लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने ढाई वर्ष पहले क्षेत्र की जनता से जो वायदा किया था, जो घोषणाएं की थी, आज वे उन वायदों पर, उन घोषणाओं पर खरी उतर रही हैं। शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में समुचित विकास तथा ग्रामीण क्षेत्र के विकास को पहली प्राथमिकता दिए जाने का संकल्प महापौर द्वारा लिया गया था, निश्चित रूप से उनके संकल्प के अनुसार ही विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि कोरबा पश्चिम क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की समस्या को दूर करने की दिशा में एक बड़ी योजना के तहत कार्य किया जा रहा है, आने वाले डेढ़–दो वर्षो के भीतर कोरबा पश्चिम की यह बड़ी समस्या दूर हो जाएगी तथा आमनागरिकों को पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। मुझे प्रसन्नता है कि तेजी के साथ क्षेत्र का विकास हो रहा है, लोगों की समस्याएं दूर हो रही हैं, सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं, इसके लिए मैं महापौर एवं उनकी टीम को बधाई देता हूॅं तथा विश्वास रखता हूॅं कि विकास की यह गति आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

इस अवसर पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, पार्षद अंतराम प्रजापति एवं मस्तुल सिंह कंवर, इंटक अध्यक्ष विकास सिंह, समाज सेविका मंगल बुधिया, रेखा त्रिपाठी, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, बनवारी आदित्य, सतीश जोशी, रामरतन साहू, आर.पी.सिंह, रतन सिंह यादव, देवीदयाल तिवारी, डी.सी. नामदेव, अशोक कंवर, राकेश सारथी, शंकरदास, प्रेमदास, निगम के सहायक अभियंता भूषण उरांव, उप अभियंता सुशील सोनी, आशीष अग्रवाल आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।